# बीड़ी श्रमिक महिलाओं को लोन का झांसा देकर 20 लाख हड़पे

## पीड़ित महिलाओं ने कराया मुकदमा दर्ज

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर**

अलवरगेट थाना क्षेत्र में ईमित्र पर काम करने वाले युवक ने बीड़ी श्रमिक महिलों को बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर करीब 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिलाओं ने अलवर गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एसपी वंदिता राणा के निर्देश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलवर गेट थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 53 में रहने वाली बीड़ी श्रमिक महिलाएं शुक्रवार को वार्ड पार्षद कुशल कोमल के साथ अलवर गेट थाने पहुंची और ईमित्र का काम करने वाले युवक के थाने में शिकायत दी है। शिकायत पार्षद कुशाल कोमल ने बताया कि उनके क्षेत्र में अजय नामक युवक ईमित्र का काम करता है। इसके पास कोटा निवासी राजीव ईमित्र का का सीखने के लिए आता था। शातिर युवक ने अपनी पत्नी सहित एक मकान किराये पर ले रखा है। राजीव ने ईमित्र पर काम से आने वाली महिलाओं को लोन का झांसा देकर उनके नाम से सवा से दो लाख रुपए का लोन बैंक से पास करवा दिया था। शातिर युवक ने 15 से 20 महिलाओं का लोन स्वीकृत करा उनके बैंक का एटीएम अपने पास रख लिया। युवक ने इन महिलाओं के एटीम से रुपए निकलवा लिए। शातिर युवक किराये के मकान से सामान खाली कर अपनी पत्नी को वहां पर ही छोड़कर रफूचक्कर हो गया।



**शादी के लिए लिया लोन :** एक पीड़ित महिला सरोज देवी ने बताया कि वह राजीव के झांसे में आ गई। उसने बेटे की शादी के लिए लोन लिया था। उसने बैंक से सवा लाख रुपए स्वीकृत करवाए, लेकिन उसे महज 40 हजार रुपए ही दिए। शेष रुपए उसने निकाल लिए। पीड़िता ने जब रुपयों का तकाजा किया तो उसकी पत्नी उनसे लड़ने झगड़ने लगी।

**एसपी से शिकायत, जांच के आदेश:** पार्षद कुशाल कोमल ने बताया कि पीड़ित महिलाओं ने पहले राजीव के घर के बाहर धरना दिया। यहां पर बात नहीं बनती देख सभी महिलाएं एसपी ऑफिस पहुंची जहां पर उन्होंने परिवाद पेश किया। एसपी राणा के निर्देश पर अलवरगेट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरएसआरडीसी ने कचहरी रोड का काम किया शुरू

**मॉर्निंग न्यूज** @ अजमेर। अजमेर शहर की लाइफ लाइन मानी जाने वाली कचहरी रोड की शुक्रवार को जिला प्रशासन ने सुध ली। एलिवेटेड रोड निर्माण के दौरान से ही सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त थी। स्थानीय लोगों के साथ जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी कई बार शहर का दौरा कर कचहरी रोड सहित मानसून के दौरार क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए प्रशासन को कार्य को प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे।



शहर के यातायात के दबाव को कम करने के लिए मार्टिडल बिज से आगरा गेट और कचहरी रोड होते हुए बस स्टैंड तक ऐलिवेटेड रोड का निर्माण कराया गया था, जिसके बाद से ही शहर की मुख्य सड़क कचहरी रोड से मार्टिंडल ब्रिज और गांधी भवन से आगरा गेट की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त थी। जगह-जगह सड़क खुदी होने के कारण वाहन चालकों सहित आमजन के लिए जोखिम भरी साबित रही थी। कई बार कचहरी रोड के दुकानदारों ने जिला प्रशासन को अवगत भी करवाया और विरोध भी जताया था। आखिर कार शुक्रवार को सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया।

**यूटीलिटी भी शिफ्टिंग:**

कचहरी रोड पर नाले का निर्माण विभाग के लिए खासी परेशानी का सबब बना था। दीपावली से पूर्व नगर निगम के संपदा अधिकारी एवं आयुक्त देशल दान के निर्देश पर कचहरी रोड पर नाले पर हुए अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद नाले का निर्माण कार्य भी किया गया। पीएचईडी, टाटा पावर, डिस्कॉम और मोबाइल केबल को अंडर ग्राउंड किया जाना था। इस काम को भी पूरा करने में विभाग को परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदारों को उम्मीद थी कि दीपावली से पहले सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। लेकिन यूटीलिटी शिफ्टिंग नहीं होने की वजह से समय पर काम शुरू नहीं हो सका था। शुक्रवार को विभागों द्वारा सभी कार्य लगभग पूरी कर लिए है।

**धूल से परेशान थे व्यापारी:** एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य के चलते कचहरी रोड पर सड़क खुदी होने की वजह से शहरवासियों के साथ स्थानीय दुकानदार को करीब तीन से चार साल तक परेशानी का सामना पड़ा। कच्ची सड़क पर वाहन गुजरने से दिन भर धूल उड़ती रहती थी, जिसके वजह से दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा था।



## जल संसाधन मंत्री रावत ने सीएम योगी आदित्यनाथ से की भेंट

**अजमेर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने दो दिवसीय उत्तर प्रदेश यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने योगी को तीर्थराज पुष्कर की यात्रा के लिए आमंत्रित भी किया एवं राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मध्य जल संसाधनों की सहभागिता और कार्य योजना के संदर्भ में संवाद किया। योगी ने राजस्थान में भाजपा सरकार द्वारा जल उपलब्धता की दिशा में एक वर्ष में किए गए अभूतपूर्व निर्णयों की सराहना की और इसे ऐतिहासिक बताया। साथ ही उन्होंने योगी को पुष्कर में बनाए जा रहे ब्रह्म कॉरिडोर एवं विकास कार्यों की कार्ययोजना के संदर्भ में भी विस्तृत जानकारी दी। सुरेश सिंह रावत को योगी ने गणपति की प्रतिमा भेंट की। उत्तर प्रदेश के अतिथि के रूप में आतिथ्य सेवा प्रदान करने के लिए सुरेश सिंह रावत ने योगी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सीमेंट से भरा मिनी ट्रक पलटा, चालक घायल

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अवरगेट थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह राजा साइकिल चौराहे पर सीमेंट के कट्टों से भरे मिनी ट्रक के ब्रेक फेल होने से ट्रक पलट गया। ट्रक चालक की सूझ बूझ से ट्रक को डिवाइडर पर चढ़ा दिया, जिससे मिनी ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, अन्यथा बड़ा हादसा घटित हो



सकता था। पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटे ट्रक को हटवाकर यातायात को सूचारू किया। अलवर गेट थाने के हैड कांस्टेबल सुभाष चंद्र ने बताया कि शुक्रवार सुबह एक सीमेंट के कट्‌टों से भरा मिनी ट्रक तेज रफ्तार से पालरा गांव से कुंदन नगर की ओर जा रहा था। चालक ने ब्रेक फेल होते ही सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को डिवाइडर पर चढ़ा दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि तेज रफ्तार की वजह से ट्रक पलट गया, लेकिन चालक को मामूली चोटें आईं। किसी अन्य वाहन या पैदल यात्री को कोई हानि नहीं पहुंची। घटना की जानकारी मिलते ही अलवर गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से अन्य वाहन में सीमेंट के कट्टे भरवाकर और क्रेन की मदद से ट्रक को हटवा कर यातायात को सुचारू किया।

## श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल की मासिक बैठक आज

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर की नवंबर माह की मासिक बैठक शनिवार को सांय 4 बजे संस्था अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में श्री गौड़ ब्राम्हण सभा भवन रेलवे सर्कुलर रोड़ए डीआरएम ऑफिस के पास अजमेर में आयोजित होगी। संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि बैठक का शुभारंभ ईश वंदना के साथ होगा इसके बाद महासचिव प्रवीण अग्रवाल द्वारा गत मासिक बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत कर उसका अनुमोदन कराया जायेगा ततपश्चात संस्था सदस्यों द्वारा भजन, ज्ञानवर्धक संस्मरण, सांस्कृतिक तथा मनोरंजन कार्यक्रम होंगे। शैलेंद्र अग्रवाल व प्रवीण अग्रवाल ने संस्था के सदस्यों से आग्रह किया है कि कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाएं।

# सदगुरू बाबा ईसरदास साहिब का शताब्दी वर्सी महोत्सव

## श्रीराम कथा व धर्म संसद 7 से 13 जनवरी तक

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम में सदगुरू बाबा ईसरदास साहिब की पुण्यमयी शताब्दी निर्वाण महोत्सव के अवसर पर श्रीराम कथा व धर्म संसद 7 से 13 जनवरी तक आयोजित होगी। धार्मिक कार्यक्रम व धर्म संसद में आने वाले संतो व अतिथियों की व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को आश्रम में बैठक आयोजित हुई, जिसमें महन्त स्वरूपदास उदासीन ने कहा कि मधुर व्यवहार से आने वाले अतिथियों की सेवा सत्कार कर पुण्यलाभ ले। श्रीराम विश्वधाम के महन्त अर्जुनदास ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि महामण्डलेश्वर हंसराम उदासीन के आशीर्वाद से हमें यह सेवा का अवसर मिला है और सभी मिलकर इस आयोजन को सफल बनाए। कवंलप्रकाश किशनानी ने कहा कि समाज के सभी सामाजिक संगठनों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। नरेन शाहणी भगत, गौतम सांई व मोहन लालवाणी ने अपने विचार रखे। संचालन महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने किया।

**श्रीराम कथा व रामलीला का होगा आयोजन:** बैठक में श्रीराम कथा आयोजन का दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक व रामलीला का आयोजन सायं 8 से 10 बजे तक करने का निर्णय लिया गया। सफल आयोजन के लिए कोर कमेटी का गठन किया गया जिसमे कवंलप्रकाश किशनानी, महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, मोहन लालवाणी, लालचन्द मोतियाणी, शंकर सबनाणी, कन्हैयालाल खानचंदाणी, नरेन्द्र बसराणी, घनश्याम आडवाणी, वर्षा बादलाणी, रिया ज्ञानाणी, वीना बदलाणी को जिम्मेदारी दी गई है।

# राजस्थान राजस्व मंडल बार एसोसिएशन अजमेर के चुनाव 13 को

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** राजस्थान राजस्व मंडल बार एसोसिएशन अजमेर के वर्ष 2024-25 के चुनावों का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। बार के चुनाव 13 दिसंबर को एक बार एक वोट के सिद्धांत पर आयोजित होंगे। इसमें वही अधिवक्ता भाग ले सकेंगे जिन्होंने नवंबर तक वार्षिक शुल्क जमा करवाया है।

बार चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, सहसचिव, कोषाध्यक्ष और पुस्तकालय सचिव के पदों के लिए मतदान होगा। नियमानुसार दो या दो से अधिक वर्षों तक लगातार बार में किसी पद पर रह चुके चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मूलचंद शर्मा को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। मानसिंह रावत और रघुनाथ सिंह को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभिभाषक इस बार चुनाव लड़ने के पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पदों के लिए उम्मीदवारों को कम से कम 5 वर्षों से बार का निरंतर सदस्य होना आवश्यक है। बार एसोसिएशन के अनुसार जो सदस्य वोटिंग अधिकार रखते हैं और यदि वे अपने वोटिंग अधिकार में परिवर्तन करना चाहते हैं तथा किसी अन्य बार एसोसिएशन में इस वर्ष मतदान करना चाहते हैंए तो उन्हें शपथ पत्र देना होगा। नए सदस्यों के लिए शपथ पत्र देना अनिवार्य है।

**ये रहेगा चुनाव कार्यक्रम:** 2 और 3 दिसंबर को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 4 दिसंबर नामांकन पत्रों की जांच होगी और उसी शाम तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 6 दिसंबर को नामांकन सूची का प्रकाशन होगा। 13 दिसंबर को मतदान होगा, जिसके बाद मतगणना की जाएगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# पुष्कर में सनातन धर्म महाकुंभ कल

**मॉर्निंग न्यूज @ पुष्कर।** तीर्थ नगरी पुष्कर में रविवार को मेला मैदान में सनातन धर्म का महाकुंभ आयोजित होगा। इस महाकुंभ में संत समागम में निंबार्क पीठाधीश्वर जगतगुरू श्यामशरण देवाचार्य धर्मोपदेश देंगे तो वहीं भजन गायक कन्हैया मित्तल श्याम बाबा के भजनों की सरिता बहाएंगे। तीर्थ नगरी पुष्कर के इतिहास में पहली बार आयोजित होने वाले सनातन धर्म महाकुंभ में देश के देशभर के साधु संत, महात्मा भाग लेंगे। इस मौके पर एक शाम श्याम बाबा के नाम में कन्हैया मित्तल भक्ति रंग बरसाएंगे।

आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। मेला मैदान में शुक्रवार को वेद मंत्रोच्चार के साथ बल्ली पूजन हुआ। भव्य सजावट के साथ विशाल स्टेज तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में उमड़ने वाले सनातन प्रेमी जनसैलाब के लिए बैठने की माकूल व्यवस्था के साथ रोशनी पेयजल पार्किंग की माकूल व्यवस्था की जा रही है।

आयोजन में जनसैलाब को देखते जिला प्रशासन व जिला पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड़ पर है। थाना प्रभारी सीआई घनश्याम सिंह राठौड़ ने मेला मैदान जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वही नगर परिषद द्वारा आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं में सहयोग किया जा रहा है। इस मौके पर नगरवासियों व व्यापारी द्वारा तीथ्र क्षेत्र को भगवा रंग से सजाने स्वागत द्वार लगाने की तैयारियां जोरों पर है।

**किशनगढ़ को मिलेगा 2 एमएलडी अतिरिक्त पानी**

# डीएमएफटी से बनेगी 1867 लाख की सड़कें, केन्द्रीय मंत्री ने की अनुशंषा

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी ने किशनगढ के उपखण्ड अधिकारियों की बैठक 18 नवम्बर को ली एवं अधिकारियों को तुरन्त कार्यवाही कर आम जन को राहत प्रदान कराने के निर्देश दिए।

जलदाय विभाग से सबसे ज्यादा पेयजल की अनियमित आपूर्ति की शिकायतें प्राप्त हुई इस पर चौधरी ने अधिशाषी अभियंता जीनगर से कारण जाना तो बताया गया कि किशनगढ को 2 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आवश्यकता है, उक्त पानी उपलब्ध होने पर एक दिन छोड़ कर एक दिन अर्थात 48 घंटे में पानी की निर्बाध सप्लाई की जा सकेगी। चौधरी ने अधीक्षण अभियंता एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर अविलम्ब किशनगढ़ हेतु 2 एमएलडी पानी बढाने के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री के निर्देश पर उक्त 2 एमएलडी अतिरिक्त पानी की स्वीकृति उच्चाधिकारियों द्वारा दे दी गई है और अब किशनगढ को 2 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिलना शुरू हो गया है। अधिशाषी अधिकारी सम्पत जीनगर ने बताया कि उक्त 2 एमएलडी अतिरिक्त पानी प्रतिदिन मिलना प्रारंभ हो गया है इससे किशनगढ के सभी क्षेत्रों में 48 घण्टे में पानी की निर्बाध सप्लाई सुचारू रूप से की जा रही है।

**1867 लाख की लागत से बनेंगी 30 किमी सड़कें:** डीस्ट्रीक्ट मिनरल फाउण्डेशन से 1867 लाख की लागत से 30 किमी सडकों का निर्माण होगा, सांसद और केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने प्रस्तावों की अनुशंषा की है, शीघ्र ही ग्रामीण क्षेत्र में इन सड़कों का निर्माण होगा। चौधरी ने अपने प्रस्ताव में कुल 8 सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव दिए है जिनमें डांग से हरडी रास्ते होते हुए गुन्दली मालपुरा रोड तक 4.60 किमी सडक 252 लाख की लागत, भावसा से टोंक जिला सीमा नगर प्याउ तक 240 लाख की लागत से 4 किमी सडक का डामरीकरण, भावसा से गेहलपुरा तक 3 किमी सड़क 180 लाख की लागत से बनेगी अराई भामोलाव सम्पर्क सडक से जोगीनाडा तक कुल 2 किमी की सड़क का निर्माण 110 लाख की लागत से होगाए भामोलाव से डांग पहाडी होते राउप्रावि डांग तक बनने वाली डामर सडक पर 301 लाख रूपये की लागत आएगी जिससे 4 किमी सडक का निर्माण होगाए ग्राम निम्बार्क तीर्थ से बबायचा तक सडक पर 609 लाख की लागत से 8 किमी सडक का डामरीकरण होगा, ग्राम जाजोता से बंधा के बालाजी तक 03 किमी सडक का निर्माण 105 लाख की लागत से होगा।

# ख्वाजा गरीब नवाज 813वां सालाना उर्स

## उर्स की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित, एसपी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** हजरत ख्वाजा गरीब नवाज का 813वां उर्स आगामी जनवरी में आयोजित होने वाला है। इसी सिलसिले में पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने शुक्रवार बैठक बैठक ली। बैठक में पुलिस प्रशासन के साथ.साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और दरगाह अंजुमन सैय्यद जादगान के पदाधिकारीए दरगाह कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक में उर्स की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अंजुमन के सचिव सरवर चिश्ती ने नगर निगम की तैयारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर निगम व्यवस्था बनाने में नाकाम रहा है। उन्होंने बताया कि दरगाह और आस.पास के बाजारों में आवारा जानवर घूम रहे हैं और नालों की सफाई नहीं की गई है। बैठक में खादिमों ने जनवरी में होने वाले उर्स के मद्देनजर दरगाह और विश्राम स्थली पर जायरीन के ठहरने के उचित इंतजाम करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विश्राम स्थली पर जायरीन के लिए टेंट लगाए जाएं ताकि सर्दी में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उर्स की तैयारियों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों पर चर्चा की। एसपी राणा ने कहा कि जायरीन की



सुरक्षा प्राथमिकता होगी और इसके लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को मिलकर काम करने और सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**व्यापारिक महासंघ ने उर्स मेले में दिए सुझाव:** श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियो ने शुक्रवार को कलेक्टर लोक बंधु व उर्स बैठक में एसपी वंदिता राणा को अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाले ख्वाजा साहब के सालाना उर्स में व्यवस्थाओं के लिए अनेक सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम के कारण आर्थिक रूप से कमजोर और देहात के जायरीनों के लिए दरगाह के आस-पास के विद्यालयों में रहने के अस्थाई रेन बसेरे के रूप में बिस्तरों सहित प्रबंध करवाने की व्यवस्था की जाए।

महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि अंदरकोट में बड़बाव के पास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,ओसवाल जैन विद्यालय,घोसी मोहल्ला, सेन्ट्रल गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोइनिया इस्लामिया विद्याालय, सुभाष राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंज, राजकीय पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय आदि में प्रबंध करने से दरगाह परिसर में रहने वाले जायरीनों को उचित सुविधा मिलने से दरगाह परिसर में भीड़ कम होगी। महेन्द्र बंसल ने कहा कि उर्स मेले में सरस डेयरी के अलावा अन्य प्राईवेट दूध डेयरी संचालको के वाहनों सहित राशन सामग्री लाने ले जाने वाले वाहनो को अनुमति प्रदान की जाए। विश्राम स्थली पर मूलभूत सुविधाओं के उचित प्रबंधन की मांग की।